डा.अम्बेडकर इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नॉलॉजी फॉर हैण्डीकैप्ड, उ.प्र.,कानपुर –24

## प्रशासकीय परिषद की 11वीं बैठक का कार्यवृत्त

**स्थान : सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन का कार्यालय कक्ष,**
**दिनांक : 26.03.2019**
**समय : पूर्वाहन 11.30 बजे**

**उपस्थिति :–**

| क्र.सं. | नाम व पदनाम | स्थिति |
|---|---|---|
| 1 | श्री भुवनेश कुमार,<br>सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | अध्यक्ष / उपाध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 विनय कुमार पाठक,<br>कुलपति,<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | सुश्री पूर्णिमा बेदार श्रीवास्तव, अनुसचिव, वित्त, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित) | सदस्य |
| 4. | सुश्री सुमन बाजपेई, संयुक्त निदेशक, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ।<br>(प्रमुख सचिव, नियोजन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित) | सदस्य |
| 5. | श्री राजेश उपाध्याय, विशेष सचिव, न्याय, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।<br>(सचिव, न्याय उ. प्र. शासन द्वारा नामित) | सदस्य |
| 6. | श्री मधुरेन्द्र कुमार, उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,<br>(सचिव, विकलांग कल्याण विभाग, उ. प्र. शासन द्वारा नामित) | सदस्य |
| 7. | श्री एफ.आर. खान, प्रभारी अपर निदेशक,<br>(निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, कानपुर द्वारा नामित) | सदस्य |
| 8. | श्री राजनाथ प्रसाद,<br>(निदेशक, विकलांग पुर्नवास केन्द्र, कानपुर द्वारा नामित) | सदस्य |
| 9. | प्रो0 जे0एस0 सैनी,<br>प्रोफेसर, एनआईटीटीटीआर, चण्ढीगढ़<br>(अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा नामित) | सदस्य |
| 10. | प्रो0 रचना अस्थाना,<br>निदेशक,<br>डा. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी फार हैण्डीकैप्ड, उ. प्र., कानपुर | सदस्य–सचिव |

**कार्यवाही:**

प्रशासकीय परिषद की बैठक मा0 अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, ए0आई0टी0एच0, कानपुर के निर्देश पर उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, ए0आई0टी0एच0,कानपुर की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आहूत की गयी। सदस्य सचिव ने मा0 अध्यक्ष एवं प्रशासकीय परिषद के सम्मानित सदस्यों का स्वागत करने के उपरान्त कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु मा0 उपाध्यक्ष महोदय से अनुमति प्राप्त की एवं तत्पश्चात् एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**11.01 प्रशासकीय परिषद की दशम् बैठक दिनांक 02.06.2015 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

प्रशासकीय परिषद की दशम् बैठक दिनांक 02.06.2015 के कार्यवृत्त का अवलोकन करते हुये इसकी पुष्टि की गयी।

**11.02 डा0 अम्बेडकर इंस्टीट्यूट आफ टैक्नॉलोजी फार हैण्डीकैप्ड, उ0प्र0, कानपुर की प्रशासकीय परिषद की दशम् बैठक दिनांक 02.06.2015 एवं गत बैठकों के निर्णयों/संस्तुतियों पर कृत कार्यवाही।**

1. प्रशासकीय परिषद की चतुर्थ बैठक के बिन्दु संख्या 04.13 पर संस्थान को आयकर विभाग में धारा 80G के अर्न्तगत पंजीकरण शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिये गये।

2. प्रशासकीय परिषद की पंचम बैठक के बिन्दु संख्या 05.15 पर संस्थान में सेण्टर फार एडवान्सड स्टडीज की स्थापना की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

3. प्रशासकीय परिषद की 5वीं बैठक के बिन्दु संख्या 05.23 पर संस्थान के नाम परिवर्तन हेतु लिये गये निर्णय डा. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, फॉर डिसेबिल्ड के स्थान पर डा. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, फॉर पर्सनस विद डिसेबिलिटी किये जाने पर सहमति व्यक्त की गई।

4. प्रशासकीय परिषद की 6वीं बैठक के बिन्दु संख्या 06.24 में संस्थान के स्वरूप को विकलांगों के कल्याण एवं तकनीकी शिक्षा के उन्नयन हेतु देश के उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र (सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स) के रूप में विकसित किये जाने के लिए पालिसी डाकूमेण्ट तथा फ्यूचर रोडमैप पर सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गयी थी। इसी कम में प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान को राष्ट्रीय स्तर के संस्थान की अनुमन्यता एवं विशिष्टता की दृष्टि से संस्थान के कार्यकलापों को और अधिक गतिशील बनाये जाने हेतु विस्तृत आख्या आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

5. प्रशासकीय परिषद की दशम बैठक में संस्थान में डिप्लोमा संकाय में छात्रों के प्रवेश की संख्या बढ़ाये जाने संबंधी लिये गये निर्णय के दृष्टिगत प्रशासकीय परिषद द्वारा यह निर्देश दिये गये कि प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन की ओर से इस आशय के साथ पत्र प्रेषित किये जायें कि वे जिला दिव्यांगजन अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को संस्थान की विशिष्टतायें एवं दिव्यांग छात्रों को प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी प्राप्त हो। इसके अतिरिक्त प्रवेश की संख्या बढ़ाये जाने के उद्देश्य से अन्य जनपदों में प्रचार प्रसार की कार्यवाही

की जाय। संबंधित गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) को भी पत्र प्रेषित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

6. संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ में पालीटेक्निक प्रवेश परीक्षा–2019 में आवेदन करने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को संस्थान में प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी देते हुये परीक्षा से पूर्व उनके मोबाईल पर मैसेज कराये जायें, जिससे दिव्यांग अभ्यर्थी संस्थान में प्रवेश लेने हेतु प्रोत्साहित हो सकें।

**11.03 संस्थान की प्रगति आख्या का अवलोकन एवं विचार।**

परिषद द्वारा संस्थान की प्रगति आख्या के अवलोकन करते हुए निम्न निर्णय लिये गये :–

1. संस्थान के डिप्लोमा संकाय के परीक्षा परिणाम पर असंतोष व्यक्त करते हुए यह निर्देश दिये गये कि परीक्षा परिणाम का विश्लेषण कराते हुए कारणों का पता लगाया जाये। परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु तद्नुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।
2. संस्थान में प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम में छात्रों की दिव्यांगता के दृष्टिगत पाठ्यक्रम (Syllabus) में वांछित परिवर्तन, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0, कानपुर के माध्यम से तैयार कराते हुये प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ से अनुमोदित कराये जाने का निर्णय लिया गया।
3. डिग्री संकाय में दिव्यांग छात्रों की संख्या बढ़ाये जाने के उद्देश्य से इन छात्र–छात्राओं को शिक्षण शुल्क में छूट देते हुये सत्र 2019–20 से रू0 55000/– (पचपन हजार मात्र) के स्थान पर रू0 45000/– (पैतालीस हजार मात्र) लिये जाने का निर्णय लिया गया। सकलांग छात्र/छात्राओं से सत्र 2019–20 से शिक्षण शुल्क रू0 55000 (पचपन हजार मात्र) के स्थान पर 60000/– (साठ हजार मात्र) किये जाने का निर्णय लिया गया।

**11.04 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दशम बैठक के उपरान्त सम्पन्न हुई वित्त समिति की बैठकों के कार्यवृत्तों का पटलीकरण/अवलोकन व अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद की दशम बैठक दिनांक 02.06.2015 के उपरान्त सम्पन्न हुई संस्थान की 20वीं से 27वीं वित्त समिति की बैठकों के कार्यवृत्तों का पटलीकरण व अवलोकन किया गया तथा लिये गये निर्णयों पर परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**11.05 डिप्लोमा संकाय के पाठ्यक्रमों में दिव्यांग छात्र/छात्राओं से रिक्त सीटों पर सकलांग छात्रों के प्रवेश के सम्बन्ध में विचार।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा डिप्लोमा संकाय में रिक्त सीटों पर सकलांग छात्रों के प्रवेश दिये जाने के प्रस्ताव पर असहमति व्यक्त करते हुये संस्थान में प्रवेश की संख्या बढ़ाये जाने हेतु उपरोक्त बिन्दु संख्या 11.02 के 05 एवं 06 के अनुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

**11.06. डिग्री संकाय में अध्ययनरत दिव्यांग छात्रों को छात्रावासीय सुविधा प्रदान किये जाने पर अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा डिग्री संकाय में अध्ययनरत दिव्यांग छात्रों को छात्रावासीय सुविधा दिये जाने पर निम्नवत निर्णय लिया गया :—

डिप्लोमा संकाय के समस्त दिव्यांग छात्रों को प्रवेश देने के उपरान्त रिक्त सीटों पर डिग्री संकाय के दिव्यांग छात्रों को निम्न वरीयता कम में छात्रावास आवंटित किया जाये।

1. प्रथम वर्ष के दिव्यांग छात्र
2. द्वितीय वर्ष के दिव्यांग छात्र
3. तृतीय वर्ष के दिव्यांग छात्र
4. अंतिम वर्ष के दिव्यांग छात्र

डिग्री संकाय के समस्त छात्रों को छात्रावास शुल्क सहित छात्रावास आवंटित किया जाय।

**11.07 स्ववित्त पोषित आधार पर संचालित डिप्लोमा इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम को बन्द किये जाने पर अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा वित्त समिति की 26वीं बैठक में स्ववित्त पोषित आधार पर संचालित डिप्लोमा इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम को बन्द किये जाने की सहमति पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**11.08 संस्थान के निर्माण कार्यों हेतु भवन एवं कार्य समिति (Building and Works Committee) के गठन पर**

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान के निर्माण कार्यों हेतु भवन एवं कार्य समिति (Building and Works Committee) गठित किये जाने का निम्नवत निर्णय लिया गया :—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Director, AITH, Kanpur | Chairman |
| 2. | Executive Engineer, PWD, Kanpur | Member |
| 3. | Professor of Structural Engg. in a sister Engg. Institute | Member |
| 4. | HOD/Lecturer, Dept. of Architecture, AITH, Kanpur | Member |
| 5. | Jila Divyangjan Adhikari, Kanpur Nagar | Member |
| 6. | Lecturer Civil Engg.m Dept. of Architecture, AITH, Kanpur, | Member Secretary |

The committee will make a comprehensive and exhaustive review of the proposal for building and structures and make recommendation in its respect to the Board of Governers.

उपरोक्त समिति में पदेन सदस्यों के इतर सदस्य, उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद, ए0आई0टी0एच0, कानपुर द्वारा नामित होंगे।

**11.09 संस्थान में रेस्को मोड पर रूफटॉप पावर प्लाण्ट संयंत्रों की स्थापना पर अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान में रेस्को मोड पर 190 KWP का 01 नग सोलर रूफटॉप पावर प्लाण्ट संयत्र की स्थापना एवं पावर पर्चेज एग्रीमेंट (पीपीए) जोकि एमएनआरई भारत सरकार के स्तर से अनुमोदित है, हस्ताक्षरित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**11.10 प्रशासकीय परिषद की दशम बैठक के उपरान्त निदेशकों के चयन का अवलोकन।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दशम बैठक दिनांक 02.06.2015 के उपरान्त नियुक्त निदेशकों के चयन का अवलोकन किया गया।

**11.11 निदेशक, हरकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी संस्थान के स्थान पर कुलपति, हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर को सदस्य नामित करने पर अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर संस्थान की गठित सोसाइटी के रूल्स ऑफ सोसाइटी के सदस्य संख्या 07 पर निदेशक, हरकोर्ट बटलर प्रोद्योगिकी संस्थान, कानपुर के स्थान पर कुलपति हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय को बतौर सदस्य नामित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया, सोसाइटी के बाइलॉज में तद्नुसार संशोधन कराने के भी निर्देश दिए गये।

11.12 <u>अन्य विषय माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से.</u>

**11.12.1** प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान के बाइलॉज का गहन अध्ययन कर आवश्यक संशोधन करते हुये एवं पूर्व में किये गये संशोधनो को सम्मिलित करते हुये आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

**11.12.2** <u>सोसाइटी/प्रशासकीय परिषद की सदस्य संख्या 18 पर सदस्य नामित किये जाने पर विचार।</u>

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान के रूल्स ऑफ सोसाइटी में गठित प्रशासकीय परिषद/सोसइटी के सदस्य संख्या 18 पर निम्नलिखित सदस्य नामित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया :–

| S.N. | Name | Occupation and Address | Status in the BOG |
|---|---|---|---|
| 18 | Ms. Ira Singhal (IAS) | "Disabled person who has made distinguished contribution in field of education, training and rehabilitation for the Handicapped. Disabled person could be noted philanthropist to the cause of handicapped" | Member |

अन्त में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(रचना अस्थाना)
सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद,
ए0आई0टी0एच0, कानपुर

26.04.19
(भुवनेश कुमार)
उपाध्यक्ष/अध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद,
ए0आई0टी0एच0, कानपुर